हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24 .5 डिग्री
न्यूनतम 5 .8 डिग्री

12 पंचायती जमीनों पर निर्माण नियमित कराने को एक माह, इसके बाद विभाग सख्ती से खाली कराएगा जमीन



12 पेपरलेस रजिस्ट्री की गाड़ी पटरी पर, इंतकाल को लेकर बढ़ी परेशानी



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत के बाद 3 दिसंबर को केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद गुरूग्राम के अकबरपुर निवासी मुस्ताक को गिरफ्तार कर लिया। थाना जाटूसाना पुलिस ने 17 नवंबर को हुए सड़क हादसे के बाद दर्ज मामले में रोहड़ाई निवासी विजय मुनीम को गिरफ्तार कर लिया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### अवैध शराब बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल थाना पुलिस ने ढालियावास में अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ढालियावास निवासी आशिष अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शराब बरामद की थी, लेकिन आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका था। इसके खिलाफ 13 दिसंबर को केस दर्ज किया गया था। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। आरोपी को बाद में पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि विकास नगर निवासी मनोज नशीले पदार्थ की बिक्री कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने टीम बनाकर मौके पर दबिश दी। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मनोज की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 4.1 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### नाले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**रेवाड़ी।** रविवार की रात लिसाना के पास एक नाले में लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नाले में किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद थाना सदर पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। मृतक के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं पाए गए। पुलिस ने आसपास के गांवों में सूचना देकर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में शव को सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया।

---

**आर्य समाज के पुरोधा का 'हरिभूमि' कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भावपूर्ण स्मरण**

# आजादी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने में आगे रहे थे चौ. मित्रसेन आर्य : डॉ. वंदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भाजपा की जिलाध्यक्ष डॉ. वंदना पोपली ने कहा कि साधारण परिवार में पैदा हुए चौ. मित्रसेन आर्य ने न सिर्फ समाजसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया, बल्कि लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में भी बड़ी भूमिका अदा की। समाजसेवा को सर्वोपरि मानने वाले चौ. मित्रसेन आर्य के समाज निर्माण की दिशा में योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। डॉ. पोपली सोमवार को 'हरिभूमि' कार्यालय में चौ. मित्रसेन आर्य की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रही थी। उन्होंने कहा कि चौ. मित्रसेन आर्य ने साधारण परिवार में जन्म लिया था। उन्होंने छोटा सा कारोबार शुरू करने के बाद उसे बड़े मुकाम तक पहुंचा दिया। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने शिक्षण संस्थाओं की शुरुआत की। बड़े कारोबारी बनने के बाद भी वह सामान्य और सादगी भरा जीवन जीते रहे। आर्य समाज का बेहतर ढंग से प्रसार करने में योगदान दिया।



रेवाड़ी। चौ. मित्रसेन आर्य की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### महापुरुषों को समाज सदैव सम्मान के साथ याद करता है

भाजपा जिलाध्यक्ष डा. पोपली ने कहा कि साधारण व्यक्तित्व के साथ आमजन के लिए भलाई का कार्य करने वाले महापुरुषों को समाज सदैव सम्मान के साथ याद करता है। सात्विक जीवन जीते हुए उन्होंने जीवन में आर्य समाज के सिद्धांतों को अपनाते हुए दूसरों को भी इन सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि चौ. मित्रसेन आर्य आजादी के आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाने में आगे रहे थे। चौ. मित्रसेन ने समाजसेवा के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य किया था। हरिभूमि अखबार की स्थापना के साथ ही चौ. मित्रसेन आर्य ने प्रदेश में क्षेत्रीय पत्रकारिता के उदय की नींव रखने का काम किया था। चौ. मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने वालों में शिक्षाविद नवीन पोपली व जतिन अरनेजा सहित शहर के कई प्रबुद्ध लोग शामिल थे।

---

*खाटूश्याम से दिल्ली जा रही बस ट्रॉले से टकराई, एक दर्जन से अधिक यात्री घायल*

# कोहरे के साथ बढ़ने लगे हादसे, एनएच पर कई वाहन टकराए, हादसों में दो लोगों की मौत

- पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने वाहन का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कोहरे के कारण सड़क हादसों की संख्या बढ़नी शुरू हो गई। रविवार की रात अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। धारूहेड़ा में खाटूश्याम से दिल्ली जा रही बस के ट्रॉले से टकराने के कारण लगभग एक दर्जन यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद काफी देर तक हाइवे पर जाम लगा रहा।

जैनाबाद निवासी 23 वर्षीय प्रदीप रात को कंवाली रोड से बाइक लेकर अपने घर लौट रहा था। कंवाली और डहीना के बीच किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद डहीना पुलिस चौकी स्टाफ मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने वाहन का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। धारूहेड़ा के बास रोड पर रविवार की रात सड़क पर कर रहे एक व्यक्ति को किसी वाहन टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आसपास सूचना देकर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में शव सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया।



साबी नदी के पास ट्राले में घुसी कार।



रेवाड़ी। सोमवार को सुबह शहर में छाया घना कोहरा। फोटो : हरिभूमि

**डबल डैकर बस ट्रॉले से टकराई**

रविवार की रात एक डबल डैकर बस राजस्थान के खाटूश्याम धाम से दिल्ली की ओर जा रही थी। जब बस धारूहेड़ा फ्लाईओवर पर पहुंची, तो एक ट्रॉले ने बस को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में कोहराम मच गया। बचाव के लिए आसपास के लोग वहां पहुंच गए। लगभग एक दर्जन यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे के बाद काफी देर तक दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर जाम लगा रहा। पुलिस ने मौके पर जाकर बस को सड़क से हटवाकर जाम खुलवाया। ट्रॉला चालक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।



रेवाड़ी। रेवाड़ी-रोहतक हाइवे पर कोहरे में टकराकर क्षतिग्रस्त प्राइवेट बस।

### सड़क पर खड़े ट्रॉले से टकराए वाहन



दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर साहबी नदी पुल पर एक खराब खड़े ट्रॉले से कोहरे के कारण कई वाहन टकरा गए। ट्राला खराब होने के बाद सड़क पर ही खड़ा हुआ था। उसके इंडिकेटर तक नहीं जल रहे थे। इससे तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। चालकों को मामूली चोटें आई हैं। ट्रॉले से एक आर्टिगा गाड़ी टकराने के बाद एक अन्य कार टकरा गई। इस हादसे एक गाड़ी चालक पाली निवासी केशव घायल हो गया। दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गइ्रं। केशव अपने साथी खोरी निवासी संजय के साथ एयरपोर्ट पर जा रहा था। पुलिस ने ट्रॉला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### हादसों को बढ़ावा दे रहे डंपर चालक

कोहरा शुरू होने के बावजूद डंपर व भारी वाहन चालकों को इसकी कोई परवाह नहीं है। इन वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर दिया जाता है। टोल टैक्स बूम से लेकर होटल व ढाबों के पास भारी वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे कोहरे के दौरान यह वाहन पीछे से आने वाले वाहन चालकों को नजर नहीं आते। इससे इन वाहनों से टकराकर हादसे होने की आशंका बढ़ जाती है। आरटीए स्टाफ से लेकर पुलिस तक की ओर से अभी तक ऐसे वाहनों के खिलाफ कोई एक्शन शुरू नहीं किया गया है, जिससे कोहरा गहराने की स्थिति में बड़ा हादसा भी हो सकता है।

---

### पार्सल में ड्रग होने का डर दिखाकर 17 लाख की ठगी करने के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

*रेवाड़ी। साइबर थाना पुलिस ने एक युवती को पार्सल में ड्रग होने का डर दिखाकर 17 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले के दूसरे आरोपी एमपी के जिला झांसी निवासी जितेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करने वाली पत्थर घटी बाजार निवासी एक युवती के पास 15 नवंबर 2024 को अनजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने उसे बताया कि उसका 96 हजार रुपये का प्रीपेड पार्सल रिजेक्ट हो गया है। पार्सल में ड्रग पाई गई है। उसने फोन करने वाले को बताया कि यह पार्सल उसका नहीं है, तो फोन करने वाले ने कहा कि इसमें सब डिटेल उसकी हैं। आरोपी ने उसकी साइबर सेल को कॉल ट्रांसफर करने की बात कहते हुए किसी अन्य व्यक्ति से बात कराई। उसे पार्सल में ड्रग होने का डर दिखाकर स्काईप ऐप डाउनलोड कराई गई। उसके बैंक व अन्य डिटेल हासिल किए गए। इसके बाद उसे लगातार ऐप के जरिए कॉल पर उलझाए रखा। उससे पूछा गया कि बैंक खाते में कितना बैलेंस है। उसे बैंक खातों से गैर कानूनी ट्रांजेक्शन होने का डर भी दिखाया गया। उसके बैंक खाते में 1.60 लाख रुपये थे। उसका बैंक बैलेंस 17 लाख रुपये से अधिक हो गया। युवती ने बताया की आरोपी ने ऐप के जरिए उसके बैंक से लगभग 16 लाख रुपये का पर्सनल लोन पास करवाकर उसके खाते में जमा करा दिया। उसके खाते से 17 लाख रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी एमपी के जिला इंदौर के चंदन नगर निवासी इस्लाम खान को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस्लाम खान खाते में ठगी के 10 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने रविवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी एमपी के जिला झांसी निवासी जितेन्द्र यादव को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जितेन्द्र यादव ने इस्लाम खान का बैंक खाता साइबर ठगों को उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका अदा की थी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।*



पुलिस गिरफ्त में साइबर ठगी का आरोपी।

# बुलेट बाइक से पटाखा बजाओ बिना साइलेंसर बाइक ले जाओ

- ट्रैफिक रूल्स वायलेशन पर पुलिस का सख्त एक्शन चालान के साथ साइलेंसर भी जब्त करने लगी पुलिस

**रेवाड़ी।** बुलेट बाइक के साइलेंसर में पटाखा सिस्टम लगाने के बाद शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परेशान करने वाले बाइकर्स पर ट्रैफिक पुलिस ने शिकंजा कसाना शुरू कर दिया है। अब पुलिस चालान के साथ ऐसी बाइकों के साइलेंसर उतरवाकर जब्त करने लगी है, जिनमें पटाखा बजाने का सिस्टम लगवाया हुआ है। डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस की टीम ने विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया। इस अभियान के तहत बुलेट बाइकों और ब्लैक फिल्म लगाकर चलने वाले वाहनों की जांच की गई। बुलेट बाइक से पटाख बजाने वालों के अभी तक 10 हजार रुपये तक के चालान किए जाते थे, लेकिन अब पुलिस ने ऐसी बाइकों के साइलेंसर भी जब्त करने शुरू कर दिए हैं। चेकिंग के दौरान नाईवाली चौक फ्लाईओवर पर एक बुलेट बाइक पुलिस के हत्थे चढ़ गई। जब बाइक को चेक किया, तो उसके साइलेंसर में पटाखा बजाने का सिस्टम फिट कराया हुआ पाया गया। पुलिस ने बाइक को साइड में लगवाकर उसका साइलेंसर उतरवा दिया। पुलिस ने अभियान के दौरान ट्रैफिक नियमों की पालना नहीं करने वाले और नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने वाले लोगों के एक दर्जन से अधिक चालान काटे। पुलिस का अभियान शाम तक चल रहा था।



रेवाड़ी। नाईवाली चौक पर बुलेट बाइक को रोकते ट्रैफिक पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

**एसपी के निर्देश पर चला रहे अभियान**

डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि यातायात के नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर यह अभियान शुरू किया गया है। नियमों की पालना नहीं करने वाले वाहन चालकों पर एक्शन लिया जा रहा है। इनमें नो पार्किंग एरिया में वाहन खड़े करना, बुलेट बाइक से पटाखा बजाना और ब्लैक फिल्म लगाना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग आमजन की शांति भंग करने का काम करते हैं, जिस कारण बाइकों के साइलेंसर भी जब्त किए जा रहे हैं।

### कंपनी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर लाखों की ठगी करने के मामले में पांचवा आरोपी गिरफ्तार

*रेवाड़ी। साइबर थाना रेवाड़ी पुलिस ने कंपनी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर लाखों रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान एमपी के जिला भोपाल के अराधना नगर कोटरा सुल्तानाबाद शारदा हॉस्पिटल हाल आबाद गंगा अपार्टमेन्ट गंगानगर एमपी निवासी कुलदीप कैथल के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 3 जुलाई को सेक्टर-3 निवासी विजय कुमार गुप्ता ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है। सोशल मीडिया पर पैसा इन्वेस्टमेंट करने का विज्ञापन देखने के बाद गत 15 मई को उसे एक व्हाट्सएप नंबर मिला था, जिसके बाद उसका व्हाट्स पर एक महिला से संवाद होना शुरू हो गया। महिला ने अपना नाम मिस सरोज गुप्ता बताते हुए खुद को एसबीआई सिक्योरिटी लिमिटेड की इन्वेस्टमेंट एडवाइजर बताया था। इन्वेस्टमेंट के लाभ के बारे में जानकारी देने के बाद महिला ने उसके पास एक लिंक भेजा। उसे बल्क ट्रेडिंग और लॉगिन करने के बारे में बताया गया था। पहली बार पैसा इन्वेस्ट करने पर उसके खाते में अच्छा प्रॉफिट भी दिखाया गया। इसके बाद उसने अपनी पत्नी सरोज गुप्ता के बैंक खाते से 18 ट्रांजेक्शन के जरिए विभिन्न खाता नंबरों पर कुल 93 लाख 20 हजार 870 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उसने पैसा रिफंड कराने का प्रयास किया, तो उससे और पैसा जमा कराने के लिए कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला।*



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

---

**सप्ताह के अंत में एक बार फिर बदलाव का अनुमान, दस दिन बार दिन के तापमान दर्ज की गई गिरावट**

# बिना बरसे ही लौट गए बदरा, तापमान में गिरावट से ठंड बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते रविवार को आसमान में छाए बादल बिना बरसे ही लौट गए, लेकिन बादलों ने मौसम का मिजाज ठंडा कर दिया। लगभग 10 दिन बाद दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। रात का पारा भी नीचे खिसक गया। सर्दी का सीजन शुरू होने के बाद पहली बार घने कोहरे के दर्शन हुए, जिससे सड़कों पर वाहनों की रफ्तार मंद पड़ गई। इस सप्ताह के अंत में एक बार फिर से बादल छाने की संभावना जताई जा रही है। बादल होने के बाद किसानों को बूंदाबांदी की संभावना नजर आने लगी थी। बादल सोमवार को सुबह तक साफ हो गए। सुबह से ही तेज धूप खिली रही। अधिकतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 24.5 डिग्री पर आ गया। रात का तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अभी तक दिन के समय तेज धूप के कारण मौसम गर्म बना हुआ था। बादल छाने के बाद हवा में नमी 84 प्रतिशत तक हो गई। हवाओं की रफ्तार काफी कम रही। दिन का तापमान गत वर्ष की तुलना में अभी भी 3.0 डिग्री सेल्सियस कम बना हुआ है। बादलों के कारण दिन के समय मौसम ठंडा होना शुरू हो गया है। धूप के बाजूद मौसम के तेवर ठंडे पड़ने शुरू हो गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार 18 दिसंबर से एक बार फिर से आसमान में बादला छा सकते हैं। दो दिन तक मौसम साफ रहने की संभावना है, कोहरे का असर देखने को मिल सकता है। ठंड बढ़ने से धारूहेड़ा का एक्यूआई एक बार फिर 200 के पास हो गया। सुबह के समय आसमान में धुएं की चादर बनी रही।

**सीजन में पहली बार छाया कोहरा**



रेवाड़ी। सोमवार सुबह नारनौल रोड पर छाया कोहरा। फोटो : हरिभूमि

**हाईवे पर रफ्तार पड़ी रही मंद**

कोहरे के कारण सोमवार अल सुबह दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर वाहनों की रफ्तार मंद पड़ी रही। कोहरे के कारण विजिबिलिटी काफी कम रही, जिस कारण वाहन चालकों को एक-दूसरे के पीछे चलना पड़ा। इस नेशनल हाइवे पर दो जगह वाहनों में भिड़ंत भी हुई। आने वाले दिनों में कोहरा और गहरा सकता है, जिससे सड़कों पर यातायात बाधित रह सकता है। कोहरे का असर फिलहाल रात को और सुबह के समय ही देखने को मिल रहा है। तेज धूप निकलने के बाद कोहरे का असर खत्म हो जाता है।

**फसलों को होगा ज्यादा लाभ**

मौसम का मिजाज ठंडा पड़ने से किसानों की चिंता कम हुई है। कोहरा और औस रबी फसलों के लिए काफी फायदेमंद रहती हैं। औस भी गिर रही है और अब कोहरा भी शुरू हो गया है। मौसम अभी किसानों को दगा दे रहा है। बादल छाने के बाद किसानों को बूंदाबांदी की उम्मीद नजर आने लगती है, परंतु कुछ समय बाद ही आसमान साफ हो जाता है। इस समय अगर अच्छी बारिश होती है, तो इससे फसलों को भारी फायदा हो सकता है।

# पुलिस बल की मौजूदगी में हटवाया सड़क से कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

करावरा मानकपुर से आशियाकी गोरावास को जाने वाले रोड पर लंबे समय से कुछ लोगों ने कब्जा किया हुआ था। लोक निर्माण विभाग की टीम ने सोमवार को पुलिस बल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कब्जा हटवा दिया। सड़क साफ होने से लोगों को राहत मिली है। 33 फुट चौड़ाई वाले इस रोड पर प्रभावशाली लोगों ने कब्जे व अतिक्रमण किए हुए थे। इसकी शिकायत बार-बार की जा रही थी। प्रशासन ने कब्जा हटवाने के आदेश जारी किए थे। सोमवार को जीएम रोडवेज को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में साथ लेकर लोक निर्माण विभाग के जेई मनोज कुमार मौके पर पहुंचे। रोहड़ाई थाना प्रबंधक विद्यासागर के नेतृत्व में पुलिस बल भी कब्जा हटाने की कार्रवाई के समय मौजूद रहा। विभाग की जेसीबी ने सड़क को साफ करा दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण इस कार्रवाई का विरोध भी शुरू हुआ, लेकिन पुलिस ने समझाकर लोगों को शांत कर दिया। दोनों गांवों के साथ आसपास के गांवों के लोगों को भी सड़क साफ होने से राहत मिली है।



हरिभूमि सहेली
रोहतक,मंगलवार
16 दिसंबर 2025



# पैरेंटिंग का नया ट्रेंड सख्ती के साथ नरमी भी

समय और समाज में होने वाले परिवर्तन का असर बच्चों और उनके पैरेंट्स पर भी पड़ता है। यही वजह है कि पैरेंटिंग के तरीके में भी नए ट्रेंड देखे जा रहे हैं। नए दौर की पैरेंटिंग सख्ती से अधिक नरम बर्ताव पर यकीन करती है। पैरेंटिंग के नए ट्रेंड्स के बारे में सभी पैरेंट्स को जानना चाहिए।

कवर स्टोरी

अंशु सिंह

बच्चों का लालन-पालन यानी पैरेंटिंग की प्रक्रिया निरंतर बदलती रही है। हर युग के सांस्कृतिक, तकनीकी और मनोवैज्ञानिक संदर्भों के अनुरूप इसमें बदलाव आता रहता है। आज जब हम दुनिया में व्याप्त कई तरह की गंभीर चुनौतियों और प्रगति के बीच नई पीढ़ी की परवरिश कर रहे हैं, उसमें पैरेंटिंग के कई नए स्टाइल्स भी ट्रेंड कर रहे हैं। लेकिन आज बच्चों के लिए सबसे अधिक आवश्यक है प्यार और संवेदनशीलता।

## विकसित हो रही हैं नई शैलियां

भारत में बच्चों की परवरिश में हमेशा से परंपराएं, सांस्कृतिक मूल्य और पारिवारिक अपेक्षाएं गहराई से निहित रही हैं। लेकिन जैसे-जैसे जीवनशैली बदल रही है, शहरों का विस्तार हो रहा है, वैश्विक प्रभाव हर घर तक पहुंच रहा है, परवरिश की विविध शैलियां भी विकसित हो रही हैं। आज भारतीय माता-पिता बच्चों के पालन-पोषणमें सदियों पुराने ज्ञान और आधुनिक पैरेंटिंग के बीच संतुलन बनाना सीख रहे हैं। असल में उलझनों और जटिलताओं से भरी इस दुनिया में पैरेंटिंग के ट्रेंड भी बड़े बदलावों से गुजर रहे हैं। अब लड़कियों के लिए गुलाबी और लड़कों के लिए नीले रंग जैसे विचार लगभग पुराने हो चुके हैं। आधुनिक पैरेंट्स इन्हें नकार रहे हैं। ज्यादातर शहरी माता-पिता लैंगिक भेदभाव वाली भाषा का इस्तेमाल करने से बचते हैं। इस तरह वे कपड़ों, खिलौनों के लचीले चयन के जरिए लैंगिक विविधता को अपना रहे हैं और अपने बच्चों को बिना किसी पूर्वाग्रह के अपनी बात कहने की पूरी आजादी भी दे रहे हैं। सवाल है कि आपके परिवार के बच्चों के लिए कौन-सी पैरेंटिंग स्टाइल सही रहेगी, इसके लिए आपको इनके बारे में जानना होगा।



## साइकिल ब्रेकिंग

यह एक ऐसी पैरेंटिंग शैली है, जिसमें पैरेंट्स जान-बूझकर अपने बचपन के नेगेटिव पैटर्न को दोहराने से बचते हैं। कठोर अनुशासन, उपेक्षा या पुरानी मान्यताओं का इस्तेमाल करने के बजाय वे समझ, धैर्य और भावनात्मक समर्थन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। युवा माता-पिता स्वस्थ पारिवारिक वातावरण बनाने और बच्चों को सुरक्षित, आत्मविश्वासी और प्यार महसूस कराने के लिए इस दृष्टिकोण को अपना रहे हैं। वे खुले संवाद, सहानुभूति और सकारात्मक उदाहरण स्थापित करने को प्राथमिकता देते हैं। बाल मनोवैज्ञानिक गीतिका कपूर कहती हैं, 'यदि किसी माता-पिता का पालन-पोषण सख्त माहौल में हुआ है, तो अब वे यह सुनिश्चित करते हैं कि उनके अपने बच्चे के साथ वही सख्ती न दोहराई जाए। वे अलग रास्ता चुन रहे हैं। मेंटल हेल्थ एवं इमोशनल संतुलन के प्रति बढ़ती जागरूकता के साथ माता-पिता मजबूत, खुशहाल परिवार बनाने के लिए इस शैली को अपना रहे हैं।'

## एफएएफओ पैरेंटिंग

फॉरगेट अराउंड एंड फाइंड आउट पैरेंटिंग की यह शैली भले ही इन दिनों ट्रेंड कर रही हो, लेकिन इसके सिद्धांत नए नहीं हैं। फ्लोरिडा के गेंसविले स्थित चाइल्ड्स अकादमी की शिक्षिका रेबेका पैट्रिक कहती हैं, 'बिना किसी हस्तक्षेप के पालन-पोषण की यह शैली मूलतः बच्चों को प्राकृतिक परिणामों से सीखने देने के समान है।' जेनरेशन एक्स के बचपन में भी एफएएफओ एक सामान्य बात थी, बस इसका आकर्षक नाम गायब था। एफएएफओ पैरेंटिंग एक दृढ़, परिणाम-आधारित दृष्टिकोण है, जहां बच्चे चेतावनियों के बजाय वास्तविक दुनिया के परिणामों से सीखते हैं।

## लाइटहाउस पैरेंटिंग

प्रतिष्ठित बाल रोग विशेषज्ञ और लेखक डॉ. केनेथ गिंसबर्ग द्वारा गढ़ी गई, 'लाइटहाउस पैरेंटिंग' एक ऐसा मॉडल है, जो अटूट प्यार और सहयोग के साथ-साथ बच्चों को स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता विकसित करने के लिए आवश्यक स्पेस प्रदान करता है। इसमें पैरेंट्स, लाइटहाउस की तरह निरंतर अपनी प्रेमपूर्ण उपस्थिति बच्चों को प्रदान करते हैं, स्पष्ट मार्गदर्शन देते हैं और दृढ़ सीमाएं निर्धारित करते हैं। पैरेंट्स अपने बच्चे पर भरोसा करते हैं, उनका हौसला बढ़ाते हैं, जिससे कि वह जीवन की लहरों, ठोकरों और गलतियों आदि निपटना सीख जाते हैं।



### पॉपुलर हो रहे हैं नए पैरेंटिंग ट्रेंड्स

- आज पैरेंट्स अपने बच्चों के लिए समग्र स्कूली शिक्षा और भविष्योन्मुखी संस्थानों को प्राथमिकता देते हैं। खासकर, महामारी के बाद से होम स्कूलिंग, हाइब्रिड और 100 प्रतिशत ऑनलाइन स्कूलिंग को व्यापक रूप से स्वीकृति मिली है।
- आधुनिक माता-पिता ऑनलाइन संसाधनों तक पहुंचने और अपने बच्चे की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करते हैं। इसके अलावा, वे बच्चों के पालन-पोषण के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए भी तकनीक का उपयोग करते हैं।
- आजकल के पैरेंट्स हेल्दी ब्रेकफास्ट के विकल्पों के बारे में जागरूक हैं और बेहतर फूड च्वाइस के लिए इन पर अधिक पैसा खर्च करने को भी तैयार रहते हैं। इसी तरह, खेलकूद, जिम और शारीरिक गतिविधियों में समय बिताना भी एक अच्छा चलन देखा जा रहा है। कई माता-पिता बच्चों को इसके लिए प्रेरित करने लगे हैं।


# सोशल मीडिया पर आपके कमेंट्स बनाते हैं आपकी सोशल इमेज

आप अगर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं तो किसी भी रील या पोस्ट पर कोई कमेंट करने से पहले अच्छी तरह सोच लेना चाहिए। खासतौर पर कोई भी नेगेटिव कमेंट करने से पहले बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। ऐसा क्यों जरूरी है, जानिए।

टेक्नो-बिहेवियर

मधु सिंह

यह सही है कि सोशल मीडिया बहुत रोमांचक और मनोरंजक प्लेटफॉर्म है। लेकिन कभी-कभी यह आपके लिए तनाव की वजह भी बन सकता है। यह तब होता है, जब आप यहां किसी पोस्ट या रील पर कोई ऐसा कमेंट करती हैं, जो लोगों को रास नहीं आता और लोग आपकी इसके लिए आलोचना करते हैं। कभी-कभी तो बहुत बुरे कमेंट्स भी करते हैं।



## नेगेटिव कमेंट करने की हैबिट

कई लोग तो चैट रूम में सिर्फ लोगों को रोस्ट करने, बेइज्जत करने के लिए ही सक्रिय रहते हैं। बल्कि कहा जाए तो कुछ लोग तो इस लत का शिकार भी होते हैं। ऐसे लोग सोशल मीडिया पर कोई भी ऐसा कंटेंट ढूंढ़ते हैं, जिस पर वे कोई बुरी या अपमानजनक टिप्पणी कर सकें। वे ऐसा कभी-कभार नहीं, बार-बार करते हैं। आप किसी भी फेमस यू-ट्यूब वीडियो, इंस्टाग्राम फोटो, लेख, ब्लॉग, पोस्ट या फेसबुक अपडेट के कमेंट सेक्शन में झांकें तो आपको ऐसे दूसरों को हेट कमेंट देने वाले कोई न कोई व्यक्ति जरूर मिल जाएंगे।

## नेगेटिव कमेंट से बचें

इंटरनेट पर आप किसी से भी असहमत हो सकते हैं। आपको किसी का लुक या उसके विचार पसंद नहीं आ सकते हैं। लेकिन आपको यह नहीं भूलना चाहिए कि आपके कमेंट करने का तरीका आपकी पर्सनालिटी को लोगों के सामने लाकर रखता है। ऐसे में आपका कमेंट बताता है कि आप कितने क्रिएटिव, कितने बुद्धिमान हो? वास्तव में सोशल मीडिया ऐसा माध्यम है, जिसमें कोई एक-दूसरे के सामने नहीं होता है, लेकिन वर्चुअल दुनिया में उनके बीच संवाद का सिलसिला चल रहा होता है। आपका कोई कमेंट या आपके बारे में किया गया कोई कमेंट का पता सबको लग जाता है। इसलिए कोई भी नेगेटिव कमेंट करने से बचना चाहिए।

## धर्म-जाति पर न करें कमेंट

सोशल मीडिया पर कुछ लोग धर्म-जाति पर भी अभद्र कमेंट करते हैं। आपको ऐसे कमेंट देने से पूरी तरह बचना चाहिए। अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में हैं जो ऐसे कमेंट करता है तो उससे भी खुद को अलग कर लेना चाहिए। सोशल मीडिया पर दिखने वाले ऐसे कमेंट्स पर ध्यान न देते हुए उन्हें इग्नोर करना चाहिए। इस तरह आपकी सोशल मीडिया पर अच्छी इमेज बनी रहेगी।



### कमेंट करने से पहले सोच लें

- कमेंट करना और अपना अनुभव साझा करना गलत नहीं है। लेकिन दूसरों की आलोचना से पहले अच्छी तरह सोच लें। क्या आपको लगता है कि जो आप कह रही हैं, उसे कहना बहुत जरूरी है? यह न भूलें कि हर कमेंट से आपकी एक इमेज भी निर्मित होती है।
- कमेंट करने से पहले रुकें और सोचें कि पोस्ट के बारे में आप क्या महसूस कर रही हैं? जो आप लिख रही हैं, उसका उद्देश्य दूसरों के दृष्टिकोण को समझना है या अपनी भावनाओं को व्यक्त करने या उन्हें शांत करने की जरूरत से प्रेरित है?
- अपनी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करने के बाद ही सोच-समझकर अपनी प्रतिक्रिया दें।
- किसी पोस्ट पर तुरंत प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। क्योंकि जल्दबाजी में लिखे गए शब्द कई बार किसी को नीचा दिखाने के लिए या अपमानित करने के लिए होते हैं।

# ब्रोकन वुमेन सिंड्रोम मन की टूटन, ना हो जीवन पर हावी

कई बार जीवन में ऐसी नकारात्मक परिस्थितियां आ जाती हैं, जिससे मन टूट जाता है। ऐसे में हताश होने के बजाय एक्सपर्ट से कंसल्टेशन और पॉजिटिव अप्रोच से कंडीशन में सुधार हो सकता है।

मेंटल हेल्थ

शिखर चंद जैन

नंदिनी का बुझा हुआ चेहरा, बेतरतीब हेयर स्टाइल, फीके और ढीली-ढाली ड्रेस देखकर परिणीता हैरान रह गई। कॉलेज टाइम की सबसे स्मार्ट, तेज-तर्रार लड़की का ये हाल कैसे हो गया? कई साल बाद मार्केट में अचानक मिली नंदिनी को देखकर परिणीता को यकीन नहीं हो रहा था। वह उसे अपने साथ कैफे में ले गई। इत्मीनान से बातचीत करने पर पता चला कि शादी के छह महीने के भीतर ही पति और ससुराल वालों की उपेक्षा और अत्याचार के कारण और बाद में अपने भैया-भाभी द्वारा दुत्कार दिए जाने के बाद वह बहुत दुःखी और परेशान हो गई थी। नंदिनी के माता-पिता तो किशोरावस्था में ही गुजर चुके थे। अब उसे न कोई हौसला देने वाला था, न कोई मदद करने वाला। परिणीता समझ गई कि नंदिनी ब्रोकन वुमेन सिंड्रोम से ग्रस्त हो चुकी है। उसने न केवल नंदिनी को अपने साथ रखा बल्कि साइकिएट्रिस्ट से मिलवाया भी।

**क्या है ब्रोकन वुमेन सिंड्रोम:** ब्रोकन वुमेन सिंड्रोम, एक टर्म है, जिसका प्रयोग अकसर उन महिलाओं के लिए किया जाता है, जो भावनात्मक, मानसिक या शारीरिक रूप से लंबे समय तक दर्दनाक अनुभवों, दुर्व्यवहार, उपेक्षा या सामाजिक दबावों, के कारण गहरे भावनात्मक आघात से गुजरी होती हैं। यह शब्द विशेष रूप से उन महिलाओं की मनःस्थिति को प्रकट करता है, जो अपनी ताकत और लचीलापन दिखाने के बावजूद, आंतरिक रूप से टूटन महसूस करती हैं।



**प्रमुख लक्षण:** ब्रोकन वूमेन सिंड्रोम से ग्रस्त महिलाओं में कई शारीरिक और मानसिक लक्षण दिखते हैं।

- पीड़ित महिला लगातार दुख, निराशा या जीवन में सूनापन महसूस करती है।
- ऐसी महिलाएं छोटी-छोटी बातों पर अत्यधिक भावुक हो जाती हैं या फिर अकसर चुप और गुमसुम रहती हैं।
- इससे प्रभावित महिलाएं खुद को अयोग्य या भीतर से टूट चुका मानने लगती हैं।
- हर मामले में खुद को कमतर समझने लगती हैं।
- खुद के साथ हुए विश्वासघात, दुर्व्यवहार या उपेक्षा के कारण ऐसी महिलाओं को दूसरों पर भरोसा करने में कठिनाई होती है।
- रिश्तों में असुरक्षा की भावना आने लगती है या हरदम परित्याग का डर सताता है। नतीजतन ये दोस्तों, परिवार या सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाने लगती हैं। उन्हें लगता है कि कोई उनकी स्थिति को नहीं समझेगा।
- तनाव के कारण अकसर थकान, सिरदर्द, या पाचन संबंधी समस्याएं होने लगती हैं।
- नींद में गड़बड़ी या भूख में कमी नजर आने लगती है।

**समस्या के कारण:** विशेषज्ञ बताते हैं कि विशेष रूप से अंतरंग रिश्तों में दुर्व्यवहार, शारीरिक, भावनात्मक या यौन दुर्व्यवहार, सामाजिक दबाव, विवाह, मातृत्व या करियर से जुड़ी अत्यधिक अपेक्षाएं उनको मानसिक रूप से परेशान कर देती हैं। इसके अलावा किसी प्रकार का आघात, प्रियजन की हानि या आर्थिक समस्या के कारण हो सकता है।

**(फोर्टिस हॉस्पिटल, कोलकाता के साइकिएट्रिस्ट डॉ. संजय गर्ग से बातचीत पर आधारित)**



### रोकथाम के उपाय

**मनोवैज्ञानिक परामर्श** और संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी, प्रभावित महिला के नकारात्मक विचार पैटर्न को बदलने में मदद करती है। इसके साथ ही सेल्फ केयर, ध्यान, योग (जैसे प्राणायाम, सूर्य नमस्कार) और नियमित व्यायाम काफी राहत देते हैं। डायरी लेखन या रचनात्मक गतिविधियां जैसे पेंटिंग आदि करने से मन को सुकून मिलता है। आत्म-स्वीकृति यानी यह समझना कि 'टूटा हुआ' महसूस करना कमजोरी नहीं है, यह उपचार की प्रक्रिया को प्रभावी बनाता है। इसके साथ ही आत्म-प्रेम और अपनी उपलब्धियों को महत्व देना बेहद जरूरी है।

# तब हैंड स्किन बनी रहेगी सॉफ्ट



स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

हाथों की त्वचा पर हर मौसम का प्रभाव सबसे ज्यादा पड़ता है। धूल, साबुन, पानी, सूखी हवाएं को लगातार सहते हुए इसकी त्वचा रूखी-बेजान हो जाती हैं। सर्दियों में यह समस्या ज्यादा गंभीर रूप धारण कर लेती है। बार-बार साबुन, डिटर्जेंट, पानी और ठंडी हवाओं के संपर्क में आने से हाथों की स्किन लाल, खुरदरी, ड्राय, बेजान या मुरझाई दिखने लगती है। इसकी प्रॉपर केयर जरूरी है।

**मालिश है जरूरी:** कच्चे दूध को कुछ देर के लिए फ्रिज में रख लें फिर जब भी समय मिले तो हाथों पर मल कर धीरे-धीरे मालिश करें। इससे त्वचा मुलायम होगी और त्वचा पर जमी मैल, गंदगी दूर होगी। आप इस प्रक्रिया को रोजाना दो या 1-2 दिन के अंतराल के पर भी कर सकती हैं। स्नान से पहले हाथों पर गुनगुना तेल लगाकर अच्छी तरह मालिश कीजिए, इससे भी हाथों की त्वचा कोमल हो जाती है। इसके लिए आप नारियल तेल, तिल, जैतून या बादाम तेल का उपयोग करें तो ज्यादा बेहतर होगा। नहाने के तत्काल बाद जब आपकी त्वचा गीली हो तो हाथों पर मॉयश्चराइजर-क्रीम लगा लीजिए, इससे भी त्वचा में नमी को बनाए रखने में मदद मिलेगी।



**करती रहें मॉयश्चराइज:** हाथों को मॉयश्चराइज करने के लिए आप होममेड पैक अप्लाई कर सकती हैं। इसको बनाने के लिए बादाम पावडर, दही और चुटकी भर हल्दी का मिश्रण बना लें। फिर हाथों पर लगाकर 30 मिनट बाद इसको ताजे ठंडे पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को आप हफ्ते में दो बार अपना सकती हैं। आजकल बाजार में कई तरह के मॉयश्चराइजर, हैंड क्रीम भी उपलब्ध है। बॉडी लोशन की बजाय हैंड क्रीम हमेशा बेहतर साबित होती है, क्योंकि हैंड क्रीम ज्यादा न्यूट्रीशस होती है। वाटर बेस्ड लोशन के मुकाबले ऑयल बेस्ड क्रीम लगाना कहीं ज्यादा प्रभावी और रहता है। सूखे हाथों पर जैल या मॉयश्चराइजिंग मास्क भी अप्लाई कर सकती हैं। सर्दियों में शावर जैल या ग्लिसरीन युक्त साबुन का प्रयोग बेहतर रहता है। इससे स्किन पर नमी बनी रहती है।

**ये उपाय भी हैं कारगर:** यहां बताए जा रहे उपायों को आजमाकर भी आप अपनी हाथों की त्वचा को कोमल बना सकती हैं।

- दो चम्मच सूर्यमुखी का तेल, दो चम्मच नीबू का रस, तीन चम्मच चीनी को मिलाकर बनाए मिश्रण को हाथों पर लगाकर आधे घंटे बाद हाथों को ताजे साफ पानी से धो डालिए। इसे हफ्ते में तीन बार प्रयोग कर सकती हैं।
- ताजे संतरे की फांकों को एक फॉर्क से भेदकर इन्हें अपने हाथों पर आहिस्ता-आहिस्ता रगड़ने से नमी बनी रहती है।
- चोकर, बेसन, हल्दी पावडर और दूध को मिलाकर पेस्ट बना लीजिए। इस मिश्रण को 20 मिनट तक हाथों पर लगाने के बाद हाथों को ताजे साफ पानी से धोने से लाभ मिलता है।

# इस सीजन में ऐसा हो आपका डाइट प्लान

मौसम बदलने के साथ शरीर को अलग तरह के पोषण की जरूरत होती है। सर्दी के इस मौसम में हेल्दी और एनर्जेटिक बने रहने के लिए आप यहां बताए जा रहे डाइट सजेशंस को फॉलो कर सकती हैं।

डाइट सजेशन

निकिता चौहान

सर्दी के मौसम में आमतौर पर सभी की भूख बढ़ जाती है। इस वजह से डाइट का ध्यान न रखने पर वेट बढ़ने का रिस्क रहता है। इस मौसम में पानी भी लोग कम ही पीते हैं। इस वजह से बहुत जल्द बॉडी डिहाइड्रेट भी हो जाती है। दिन छोटे होते हैं, इस वजह से घर-बाहर के काम-काज में बिजी रहने से वे अपने लिए वर्कआउट या एक्सरसाइज के लिए समय नहीं निकाल पाती हैं, जिस कारण महिलाओं का वजन बढ़ने लगता है और हार्मोंस डिसबैलेंस होने लगते हैं। यही नहीं इस मौसम में कमजोरी, जुकाम-खांसी, त्वचा का रूखापन, जोड़ों में दर्द, इम्यूनिटी वीक होने संबंधी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए सर्दी के मौसम में अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना जरूरी है। इससे इस मौसम में होने वाली कई हेल्थ प्रॉब्लम्स से आप बची रहेंगी।

**फॉलो करें ये डाइट रूल्स:** सर्दी के मौसम में हर उम्र की महिलाओं को अपनी डाइट हैबिट में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- ताजा, गर्म और पौष्टिक भोजन ही खाएं।
- मौसमी सब्जियां जैसे पालक, गाजर, चुकंदर, मेथी आदि को अपनी डेली डाइट में शामिल करें।





- गेहूं और चावल के अलावा बाजरा और ज्वार को भी अपनी डाइट में शामिल करें।
- प्रोटीन के लिए अंडे, दालें, पनीर और मेवे भी खाएं।
- टमाटर, स्वीट कॉर्न या ब्रोकली का सूप पीना फायदेमंद है।
- रोजाना हर्बल चाय भी पी सकती हैं।
- विटामिन-सी के लिए संतरा, आंवला और शिमला मिर्च खाएं।
- गुड फैट के लिए देसी घी, अलसी और बादाम का सेवन करें।
- जंक फूड, तला-भुना और पैकेट वाले फूड्स कम खाएं।

**गर्भवती महिलाओं के लिए:** प्रेग्नेंट महिलाओं को भी इस सीजन में अपनी डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बेहतर होगा कि आप अपनी डाइट के लिए डॉक्टर से सलाह लें।

- आयरन, प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर डाइट का सेवन करें।
- घर का बना ताजा और पौष्टिक खाना ही खाएं।
- इस सीजन में डेली हरी सब्जियां, ताजे फल खाएं और दूध जरूर पिएं।
- सूप, राजमा, छोले, खजूर और पालक का सेवन जरूर करें।
- अखरोट और अलसी के बीज खाएं, ये गर्भ में पल रहे बच्चे के दिमाग के लिए फायदेमंद होते हैं।
- दिन भर में 12-15 गिलास पानी जरूर पिएं।
- बहुत ज्यादा मीठे स्नैक्स से बचें।

**50 प्लस महिलाओं के लिए:** बढ़ती उम्र में मौसम के अनुसार महिलाओं की डाइट संबंधी जरूरतें बदल जाती हैं।

- कैल्शियम और विटामिन-डी रिच डाइट जैस-दूध, दही, तिल, रागी, पालक का सेवन करें।
- बेहतर पाचन के लिए फाइबर वाले खाद्य पदार्थ जैसे-साबुत अनाज, फल और सब्जियां खाएं।
- गर्म सूप और प्रोटीन रिच डाइट शरीर को मजबूत बनाते हैं।
- भिगोए हुए मेवे खाना फायदेमंद है।

**(मदरहुड हॉस्पिटल, एनसीआर की कंसल्टेंट न्यूट्रिशन- डायटेटिक्स डॉ. निव्या विकल से बातचीत पर आधारित)**



## गोद स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित

**नारनौल।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोद में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिला स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर यशवी पुत्री प्रीतम, भूमिका व राखी को प्रमाण पत्र देकर विद्यालय स्टाफ की ओर से सम्मानित किया गया। यशवी ने जिला स्तर पर स्वास्थ्य व स्वच्छता विषय पर अपना मॉडल प्रस्तुत किया। जिसमें उसे द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ व 1800 रुपये की पुरस्कार राशि प्राप्त हुई। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य सुमनलता ने कहा कि यह विद्यालय परिवार के लिए बहुत ही गर्व का विषय है। उन्होने इन बेटियों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों को इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने मार्गदर्शक प्रवक्ता विजेंद्र कुमार व दिनेश कुमार की सराहना की।

## कांग्रेस ने महारैली में वोट चोरी की आवाज की बुलंद

**मंडी अटेली।** दिल्ली में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में संपन्न हुई, जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता ने बताया देश की राजधानी कांग्रेस में महारैली ने वोट चोरी की आवाज बुलंद किया है।

### सब अर्बन, सब यूनिट महेंद्रगढ़ व सिटी एल सब यूनिट के कर्मचारी शामिल

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली निगम कर्मियों ने किया प्रदर्शन

### यूनिट सचिव अनिल कुमार ने की विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

कुरहावटा रोड स्थित बिजली निगम कार्यालय में सोमवार को एचएसईबी वर्कस यूनियन हैड कार्यालय भिवानी के आह्वान पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ कर्मचारियों ने दो घंटे विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने इस दौरान नारेबाजी भी की। कर्मचारियों के इस विरोध प्रदर्शन में सब अर्बन, सब यूनिट महेंद्रगढ़ व सिटी एल सब यूनिट के कर्मचारी शामिल रहें। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट सचिव अनिल कुमार ने की। मंच संचालन सिटी सब यूनिट प्रधान प्रवीण कुमार ने किया। इस दौरान कर्मचारी नेता सरकार व निगम मैनेजमेंट पर जमकर बरसे। प्रदर्शनकारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी 2025 को कर्मचारी विरोधी बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए प्रधान ने बताया कि यूनियन की केंद्रीय परिषद ने एक दिसंबर को अतिरिक्त मुख्य सचिव विद्युत विभाग हरियाणा को पत्र लिखकर पॉलिसी पर गंभीर आपत्तियां दर्ज करवाई थी। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग का कार्य अत्यंत तकनीकी, जोखिमपूर्ण और उपभोक्ता सेवा से सीधे जुड़ा हुआ है। ऐसे में एक समान ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू करना कर्मचारियों की सुरक्षा, विभागीय कार्यकुशलता और उपभोक्ता सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। नए कार्यस्थल पर क्षेत्र व लाइन रूट की जानकारी न होने के कारण कर्मचारियों के लिए जानलेवा हादसों की संभावना कई गुना बढ़ जाएगी। विभाग में पहले ही प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, ऐसे में यह नीति हादसों को और बढ़ावा देगी।



महेंद्रगढ़। निगम कार्यालय में बैठक करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**पॉलिसी किसी भी कर्मचारी के हित में नहीं**

अनिल कुमार ने बताया कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी किसी भी प्रकार से कर्मचारी या उपभोक्ता के हित में नहीं है। अगर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू होती है तो हजारों तकनीकी कर्मचारी मौत के मुंह में धकेले जाएंगे। यह धरना प्रदर्शन 12 दिसंबर से 16 दिसंबर तक सब यूनिट लेवल पर जारी रहेगा। अगर समय रहते निगम मैनेजमेंट ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करके इस मुद्दे पर बातचीत के लिए संगठन को नही बुलाता है तो इस विरोध प्रदर्शन को उच्च स्तर पर ले जाया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की औधोगिक अशांती या उपभोक्ताओ को कोई परेशानी होती है तो निगम मैनेजमेंट पूर्ण रूप से इसका जिम्मेवार होगा।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर यूनिट प्रधान नवीन, सचिव अनिल, सब-यूनिट प्रधान शेरसिंह, सचिव दीपक यादव, जेई जितेंद्र, जेई नवीन, एएलएम संजीव, एएलएम संदीप, एलएम अजय, एलडीसी राकेश, एएफएम ओमप्रकाश, एएफएम वीरेंद्र, एएफएम रविंद्र, मंजीत, योगेश, एलएम प्रदीप, एसएसए जितेंद्र सहित अनेक बिजली निगम कर्मचारी मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। वरिष्ठ नागरिक को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर: राव बहादुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी स्कूल के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने गांव-गांव पहुंचकर वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को शॉल, सम्मान-पत्र और पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। यह कार्यक्रम उन्होंने यदुवंशी सोहली की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुरू किया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके अनुभव, मार्गदर्शन तथा संस्कारों से ही समाज मजबूत बनता है। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राव बहादुर सिंह सदैव क्षेत्र की प्रगति, शिक्षा के प्रसार और युवा सशक्तिकरण के लिए समर्पित रहे हैं। इनके मार्गदर्शन में क्षेत्र उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

**ली जानकारी**

उन्होंने गांव डुलाना, चितलांग, सुरजनवास, मुंडायन, खैराना, खैरानी, मोहलड़ा, राता कलां, राता खुर्द, गढ़ी, खारीवाड़ा, कारिया, महासर, गिरधरपुर, बोचड़िया, हसनपुर, तुर्कियावास, धनौंदा, उनिन्दा, बेगपुर अटेली, सुजापुर, चंद्रपुरा, गणियार, बजाड़ के लोगों से संवाद भी किया और नागरिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ी आवश्यकता की जानकारी ली।

## विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त 8 आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





पुलिस का ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान चौदहवे दिन भी जारी रहा। अभियान के तहत पुलिस की विभिन्न टीमों ने संवेदनशील, भीड़भाड़ वाले तथा अपराध प्रभावित क्षेत्रों में कॉम्बिंग और सघन चैकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने जुआ-सट्टा, अवैध हथियार, नशा तस्करी व अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गोकल गेट चौकी पुलिस ने 1 अवैध देशी पिस्टल व 2 जिंदा रौंद के साथ आरोपी सचिन निवासी मौहल्ला अर्जुन नगर को गिरफ्तार किया है। रामपुरा थाना पुलिस ने 4.102 किलो ग्राम नशीले पदार्थ गांजा के साथ आरोपी मनोज उर्फ टकला निवासी मोहल्ला विकास नगर को गिरफ्तार किया। अभियान के अंतर्गत सीआईए ने शहर थाना क्षेत्र से जुआ खेलते हुए पांच आरोपी नौशाद निवासी किरकपुर बैसी जिला बिजनौर यूपी हाल आबाद मोहल्ला शुक्रपुरा, शिवम बंसल, कपिल महेश्वरी, लक्ष्य महेश्वरी व प्रिंस सैनी निवासी मोहल्ला शुक्रपुरा को गिरफ्तार करके 4270 रुपये बरामद किए। इसके अलावा मॉडल टाउन थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी इंद्रजीत उर्फ चुर्री निवासी गांव ढालियावास को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इससे पूर्व गत 13 दिसंबर को पुलिस ने मामले में गांव ढालियावास निवासी जयपाल को 31 बोतल देशी शराब सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी जयपाल ने बताया था कि उसे अवैध देशी शराब इंद्रजीत उर्फ चुर्री उपलब्ध कराता था।



कनीना। एसडी स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रदेश के मंत्री कृष्ण बेदी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## प्रदेश स्तरीय युवा महोत्सव में एसडी स्कूल के छात्र प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

पंचकूला में आयोजित प्रदेश स्तरीय युवा महोत्सव में एसडी विद्यालय ककराला के विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर 1.10 लाख रुपये का पुरस्कार हासिल किया है। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव व प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने बताया कि छात्र दीपांशु, मनोज व कीर्ति ने दृष्टिबाधित व्यक्तियों की सहायता के लिए विकसित उपकरण को श्रेष्ठ स्थान पर रखा गया। ये मॉडल इनोवेशन कार्य प्रभारी जसबीर जांगिड़ के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था। समारोह में मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरित किए। प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ये विद्यार्थी आगामी 12 जनवरी को भारत मंडप नेशनल फेस्टिवल में हिस्सा लेंगे। जहां वे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार सुनेंगे और अपना प्रोजेक्ट राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करेंगे। चेयरमैन जगदेव यादव ने विद्यार्थियों को सतत मेहनत के लिए प्रेरित किया है।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर विद्यालय समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र यादव, सीईओ आरएस यादव, उपप्राचार्य पूर्णसिंह, कोर्डिनेटर स्नेहलता, प्रियंका, बिंढु, जसबीर जांगिड़, ईश्वर सिंह, अजीत कुमार उपस्थित थे।

## मालवीय जी महान स्वतंत्रता एवं समाज सुधारक थे

- गौड़ ब्राह्मण सभा ने मालवीय व अटल जयंती के साथ मनाया गीता महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मोहल्ला चौधरियान स्थित श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रांगण में रविवार को भारतरत्न महामना मदनमोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती तथा गीता महोत्सव आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों को विद्या थिंयों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार रहे, जबकि अध्यक्षता विधायक ओमप्रकाश यादव ने की। इस अवसर पर गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक व शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें जिले के अनेक स्कूलों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने महामना मदनमोहन मालवीय, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन व योगदान तथा गीता जयंती के महत्व पर संस्कृत श्लोक, भजन, रागनी, काव्य पाठ, गीत एवं भाषण प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता परिणामों में श्लोक उच्चारण में भव्य प्रथम, साक्षी द्वितीय एवं कनिका तृतीय रही।



नारनौल। प्रतिभाओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

**ये मौजूद रहे**

विशिष्ट अतिथियों में पूर्व ओएसडी मुख्यमंत्री अभिमन्यु सिंह राव, समाजसेवी सुधीर कुमार एवं महावीर प्रसाद शर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान एडवोकेट राकेश मेहता ने किया।

## राता कलां में गाय ने दिया जुड़वा बछड़ा व बछड़ी को जन्म

**मंडी अटेली।** महिलाओं द्वारा जुड़वां बच्चों को जन्म देने की घटनाएं आमतौर पर देखने को मिलती हैं, परंतु गाय द्वारा जुड़वां बछड़ा-बछड़ी देना अलग घटना है। अटेली क्षेत्र के गांव राता कलां के पशुपालक कर्मवीर यादव के घर पर देशी गाय ने एक बछड़ी एवं एक बछड़े को जन्म दिया है। उन्होंने समाज से विनती की है कि देश के लोगों को गाय पालकर लाभ उठाना चाहिए। पशुपालक कर्मवीर ने बताया कि उनके घर में कई वर्षों से गाय है। इस बार गाय ने एक साथ एक बछड़ी एवं एक बछड़े को जन्म दिया, जिसे देखने के लिए तांता लगा हुआ है, जिनमें बछड़ा एवं बछड़ी सफेद रंग की हैं। मौके पर प्राचार्य अनूप कुमार, कमल सिंह सीए, प्रदीप कुमार जेई, महंत अश्विनी, राकेश, राहुल, भवानी, सुबे ठेकेदार आदि ग्रामीण गाय के बछड़ा एवं बछड़ी को देखने के लिए पहुंचे।

## ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी कर्मियों के हितों के खिलाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बिजली निगम की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में एचएसईबी वर्कर यूनियन की ओर से चलाया जा रहा धरना प्रदर्शन चौथे दिन सोमवार को भी लगातार जारी रहा। कर्मचारियों ने दो घंटे तक जोरदार प्रदर्शन कर पॉलिसी को वापस लेने की मांग की।

धरना स्थल पर कर्मचारियों ने एकजुट होकर सरकार व विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की तथा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को अव्यवहारिक बताया। धरना प्रदर्शन के दौरान मंच का संचालन प्रवीण जेई ने किया। उन्होंने कहा कि यूनियन ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का कड़ा विरोध करती है। प्रवीण जेई ने कहा कि फील्ड में कार्य करने वाले कर्मचारियों को क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, लाइन व्यवस्था और स्थानीय समस्याओं की पूरी जानकारी होना जरूरी है।



**पॉलिसी रद्द होने तक जारी रहेगा आंदोलन**

इस अवसर पर यूनिट उपप्रधान राकेश यादव ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को नजरअंदाज कर बनाई गई कोई भी नीति सफल नहीं हो सकती। सब अर्बन सब यूनिट प्रधान चंद्रजीत सिंह ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## राव सुल्तान सिंह के बच्चों ने जीते सात मेडल



महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राव सुल्तान सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बेहड़ा में बच्चों का स्वागत किया गया। संस्था प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय के सात बच्चों ने हरियाणा स्टेट किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के छात्र देवेश पुत्र जोगेंद्र मांडोला ने गोल्ड मेडल, हर्षित पुत्र उमेद सिंह ढाढोत ने सिल्वर मेडल, रितिका पुत्री ब्रह्मदेव खायरा ने सिल्वर मेडल व अक्षय पुत्र बलजीत सोहला, युग पुत्र बीरेंद्र बुडीन, यश पुत्र दिलीप सिंह खेड़की, हंसु पुत्री मंजीत निम्बेहड़ा ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव, उपप्राचार्य रामकुमार ने सभी बच्चों को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। यादव ने बताया कि यह हम सभी के लिए बड़े ही गर्व और गौरव की बात है कि आप एक साथ स्टेट चैंपियनशिप में मेडल की बौछार की गई है।

इस अवसर पर संस्था चेयरपर्सन सुषमा यादव, किड्स हैड स्नेहलता, कर्ण सिंह निम्बल व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



महेंद्रगढ़। सरकार पटेल के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## राव जयराम स्कूल में सरदार पटेल की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राव जयराम विद्यालय में भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि संस्था निदेशक सुरेन्द्र यादव थे। अध्यक्षता प्राचार्य नरेंद्र यादव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पार्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपने जीवन को समर्पित करने वाले इस महान नेता को याद किया। निदेशक सुरेन्द्र यादव ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारतीय इतिहास के ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने आजादी के बाद बिखरे हुए भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने देश की सैकड़ों रियासतों का शांतिपूर्ण विलय कर एक सशक्त और एकीकृत भारत की नींव रखी। प्राचार्य नरेंद्र यादव ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि एक कुशल प्रशासक और दृढ़ इच्छाशक्ति वाले महान पुरुष थे। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, देशप्रेम की भावना उत्पन्न करना है।

**कार्यक्रम** | पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह ने कनीना में शिक्षा, समाज व विकास के क्षेत्र में योगदान दिया

# पूर्व विधायक को गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि

- ज्येष्ठ पुत्र होशियार सिंह के सिर बांधी गई जिम्मेदारी की पगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

नगर पालिका के पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह लोढ़ा के सड़क हादसे में निधन होने के बाद सोमवार को उनके आवास पर हवन, रस्म पगड़ी व श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। हवन में परिजनों व प्रबुद्धजनों ने आहुति डाली। वहीं श्रद्धाजंलि सभा में क्षेत्र के गणमान्यजनों ने हिस्सा लेकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिम्मेवारी की पगड़ी उनके ज्येष्ट पुत्र होशियार के सिर पर बांधी गई।

राजेंद्र सिंह लोढ़ा का जन्म अप्रैल 1947 में पिता गणेशी लाल व माता शांति देवी के घर कनीना में हुआ था। बचपन में उनकी माता शांति देवी के निधन के बाद उनका पालन पोषण उनकी दादी सुंदर देवी ने किया। इनके पिता गणेशी लाल ने आजाद हिंद फौज में रहते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ मिलकर देश की आजादी के लिए काम किया। राजेंद्र लोढ़ा स्कूल शिक्षा के समय वे एनसीसी के सारजेंट रहे। वहीं कबड्डी व हॉकी के खिलाड़ी भी रहे। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद 1982 में वे मार्केट कमेटी के चेयरमैन बने। 1987 व 1996 में उन्होंने नपा का चुनाव जीतकर प्रधान पद को सुशोभित किया।





कनीना। ज्येष्ठ पुत्र होशियार सिंह के सिर पर पगड़ी बांधते गणमान्यजन तथा राजेंद्र लोढ़ा द्वारा करवाए गए कार्यों पर फोकस करते पूर्व विधायक सीताराम यादव।

**तीन बार लड़ा था चुनाव**

राजेंद्र सिंह लोढ़ा में वर्ष 1991, 1996 व 2000 में जाटुसाना विधानसभा चुनाव क्षेत्र में चुनाव लड़ा, लेकिल चुनाव जीतने में असफल रहे।

## थाना प्रभारी को किया सम्मानित

मंडी अटेली। श्री गौड़ ब्राह्मण सभा द्वारा थाना प्रभारी सज्जन कुमार शर्मा को थाना अटेली में नियुक्त होने पर उनका स्वागत किया। सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उनका पटका पहना कर स्वागत किया एवं भगवान परशुराम के चित्र एवं स्मृति चिह्न से भेंट किया। सभा प्रधान धर्मेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि सज्जन कुमार पहले भी पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से थाना अटेली में अपनी सेवा दे चुके हैं।

**सूचना**

मैं, ताराचंद, पूर्व सैनिक (आर्मी नंबर 4174548N), पुत्र श्री हेमकरण, निवासी ग्राम व पोस्ट ऑफिस बव्वा, जिला रेवाड़ी, हरियाणा, सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे सर्विस/आर्मी रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम "सतवती देवी" तथा जन्मतिथि 25.03.1963 अंकित है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। वास्तव में मेरी पत्नी का सही नाम "सत्यवती" तथा सही जन्मतिथि 04.11.1958 है, जो कि आधार कार्ड, अन्य दस्तावेजों में सही रूप से दर्ज है। अतः भविष्य में सभी प्रयोजनों हेतु मेरी पत्नी का सही नाम "सत्यवती" तथा सही जन्मतिथि 04.11.1958 ही मान्य एवं प्रयोग में लाई जाए।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। बच्चों को पुरस्कृत करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों ने कल्चरल प्रतियोगिता में दिखाई अपनी प्रतिभा

रेवाड़ी। यदुवंशी शिक्षा निकेतन में आयोजित कल्चरल प्रतियोगिता में जिले के अनेक स्कूलों के एलकेजी से पांचवी तक के बच्चों ने डांस, भाषण, चित्रकला व कविता पाठ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता चार श्रेणी में आयोजित की गई। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर मुकेश यादव, एस के सिंह, प्राचार्य सुकेंद्र यादव व शिक्षाविद विनोद यादव ने बच्चों को पुरस्कृत किया तथा बच्चों के प्रतिभा की सराहना की। स्कूल के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बच्चों व अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

डहीना। खोल थाना पुलिस ने बुड़ौली गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 4 नवंबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित का सामान्य अस्पताल से मेडिकल हुआ था। पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद बुड़ौली निवासी नीरज, कपिल और राहुल को गिरफ्तार कर लिया। बाद में तीनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

अभी तक शुरू नहीं हो पाया रजिस्ट्री पोर्टल पर इंतकाल का ऑप्शन

# पेपरलेस रजिस्ट्री की गाड़ी पटरी पर इंतकाल को लेकर बढ़ी परेशानी


जमीन की रजिस्ट्री के बाद दर्ज नहीं हो रहे इंतकाल, सिस्टम अपग्रेड होने तक करना पड़ेगा इंतजार

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

गत नवंबर माह में प्रदेश में शुरू की गई पेपरलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया की गाड़ी अब धीरे-धीरे पटरी पर आने लगी है, लेकिन रजिस्ट्री के बाद जमीन का इंतकाल दर्ज कराने की प्रक्रिया अधर में लटक गई है। इससे प्रॉपर्टी खरीदने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पटवारियों के हाथों से इंतकाल दर्ज करने की कमान निकल चुकी है। रजिस्ट्री पोर्टल पर अभी तक इंतकाल का ऑप्शन शुरू नहीं हो पाया है।

पेपरलेस रजिस्ट्री शुरू करने के बाद प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को सिस्टम समझने में ही काफी समय लग गया। नवंबर माह में रजिस्ट्रियां तो हुईं, लेकिन उनकी संख्या काफी कम रही। बीच-बीच में पोर्टल बंद होने के कारण जमीनों की रजिस्ट्री का कार्य लटका रहा। इससे प्रापर्टी के क्रेता और विक्रेता

## पटवारियों के हाथ से निकली कमान




रेवाड़ी। गढ़ी बोलनी रोड स्थित तहसील कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

■ 15 दिन बाद रजिस्ट्रियां होनी हुई शुरू

दोनों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। जिन लोगों प्रापर्टी के एग्रीमेंट डेट बाउंड किए हुए थे, उन्हें रजिस्ट्री होने की सूरत में डेट बढ़वानी पड़ी। नया सिस्टम शुरू होने के लगभग 15 दिन बाद रजिस्ट्रियां तो होनी शुरू हुईं, लेकिन उनकी संख्या काफी कम रही।

तहसीलों के कर्मचारियों तक को जमीनों के दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने की जानकारी नहीं थी, जिस कारण इस कार्य में लगातार देरी होती चली गई। लोग नए सिस्टम को लेकर परेशान रहे। दिसंबर माह तक पेपरलेस रजिस्ट्रियों की गाड़ी ने रफ्तार पकड़ना शुरू कर दिया। इससे जमीन के क्रेता और विक्रेता दोनों को राहत मिलनी शुरू हो गई।

### रजिस्ट्री के बाद लगा रहे चक्कर

पेपरलेस रजिस्ट्री सिस्टम शुरू होने के बाद जिले में अभी तक लगभग 600 प्रापर्टी रजिस्टर्ड हो चुकी हैं। शुरूआत में गति धीमी रही थी। अब रजिस्ट्री प्रक्रिया में तेजी आना शुरू हो गया है। पोर्टल में सुधार तो हुआ है, परंतु बीच-बीच में पोर्टल बंद होने या उसकी गति मंद पड़ने से कार्य प्रभावित होता है। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उसे ओके करने में भी देरी हो जाती है। तहसीदार इस कार्य को देर रात तक अंजाम दे रहे हैं, ताकि लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### पटवारियों के हाथ में नहीं कमान



नया सिस्टम शुरू होने के बाद जमीन का इंतकाल पटवारी दर्ज नहीं कर सकते। रजिस्ट्री पोर्टल पर ही इंतकाल का विकल्प होगा, जो अभी तक नहीं आया है। इसके बारे में मुख्यालय को भी अवगत करा दिया गया है। जल्द ही पोर्टल पर इंतकाल का ऑप्शन आ जाएगा, जिसके बाद खरीदारों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। -रमन कुंडू, तहसीलदार।

### अब इंतकाल में आ रही परेशानी

प्रापर्टी के खरीदार को रजिस्ट्री कराने के बाद इंतकाल दर्ज कराना होता है। इसी के बाद वह सही मायने में मालिक काबिज बन पाता है। प्रापर्टी की खरीद के बाद उसे तीसरी पार्टी को बेचने के लिए भी दाखिल खारिज यानि इंतकाल दर्ज होना जरूरी होता है। पहले रजिस्ट्री होने के तुरंत बाद पटवारी जमीनों के इंतकाल दर्ज कर देते थे, परंतु अब पटवारियों के हाथ में इंतकाल दर्ज करना नहीं रहा है। इंतकाल भी पेपरलेस सिस्टम से ही दर्ज होने हैं। इसके लिए रजिस्ट्री पोर्टल पर अभी तक ऑप्शन अपडेट नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों ने इंटर स्कूल स्केटिंग चैंपियनशिप में लहराया सफलता का परचम

रेवाड़ी। विवेकानंद पब्लिक स्कूल लाखनौर के मेधावी व होनहार विद्यार्थियों ने पहली इंटर स्कूल स्केटिंग चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा प्रदेश में सफलता का परचम लहराया। स्टेट लेवल चैंपियनशिप स्पोर्ट्सलेन स्पोर्ट्स अकेडमी की ओर से गुरूग्राम स्थित माउंट सेंट मैरीज स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय के 20 छात्रों में से 11 छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए मेडल प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि कक्षा 9वीं से छात्र दक्ष व पार्थ ने चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया तथा कक्षा चौथी से छात्र, सूर्यांश, विराट, कक्षा छठी से नमन तथा कक्षा 8वीं से सुमित व भावेश ने रजत पदक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा चौथी से रजत व कक्षा 8वीं से छात्र मुकुल व मयंक ने कांस्य पदक जीतकर अभिभावकों व विद्यालय का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर और माला पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक एडवोकेट सुधीर यादव ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी व स्केटिंग कोच का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।



### सीएससी सेंटर पर लिस्ट को देखकर ही अपने शुल्क की अदायगी करें नागरिक : एसडीएम

बावल। एसडीएम बावल मनोज कुमार की ओर से उपमंडल बावल में आने वाले सभी सीएससी सेंटर पर योजनाओं व सेवाओं के संबंध में बैठक का आयोजन किया, जिसमें जिलाधिकारी सीएससी रेवाड़ी, बावल ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के जोनल मैनेजर उपस्थित थे। सीएससी जिलाधिकारी ने बताया कि आयुष्मान भारत के लाभार्थी का रजिस्ट्रेशन व कार्ड की डिलीवरी, नया आधार कार्ड, बायोमेट्रिक अपडेट, लाडो लक्ष्मी योजना का रजिस्ट्रेशन व परिवार पहचान पत्र का कार्य निःशुल्क किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अगर कोई भी व्यक्ति सरकारी साइट पर जाकर खुद यह कार्य करता है, तो कोई शुल्क नहीं लगता और सभी सीएससी सेंटर पर फीस की लिस्ट लगाने बारे हिदायत दी गई है। एसडीएम ने कहा कि आम नागरिक सीएससी सेंटर पर फीस की लिस्ट को देखकर ही अपने शुल्क की अदायगी करें। कोई सीएससी सेंटर संचालक अधिक राशि वसूल करता है और सेंटर पर लिस्ट नहीं लगी हुई है, तो इसकी शिकायत एसडीएम बावल के कार्यालय में दे सकते है।



रेवाड़ी। गीता भुक्कल और जयदीप धनखड़ के साथ रैली में जाते हुए अनिल पाल्हावास।

### दिल्ली रैली में पहुंची भीड़ भाजपा के लिए खतरे की घंटीः अनिल पाल्हवास

रेवाड़ी। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अनिल पाल्हावास ने कहा कि पार्टी की रविवार को दिल्ली में हुई 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली में उमड़ी भीड़ भाजपा के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है। रैली में उमड़े जनसैलाब ने साबित कर दिया है कि वोट की पवित्रता को लोग किसी भी सूरत में भंग नहीं होने देना चाहते। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जयदीप धनखड़ और वरिष्ठ नेत्री गीता भुक्कल के साथ बड़ी संख्या में समर्थकों को रैली में ले जाने वाले अनिल पाल्हावास ने कहा कि संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वोट चोर, गद्दी छोड़ की जो मुहिम चलाई है, वह तेजी से रंग ला रही है। लोकतंत्र में वोट चोरी को आम जनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं कर सकती। लोकतंत्र बचाने के लिए ही भारी तादाद में पहुंचे लोगों ने यह संकेत दे दिए कि वह वोट चोरी के मामले में भाजपा नेताओं की करतूतों को बर्दाश्त नहीं कर सकते। पूरे देश में वोट चोरी को लेकर एक माहौल बन रहा है, जिससे देश की जनता वोट चोरी करने वालों को सबक सिखाने का मन बना चुकी है।

# संगठन को नई दिशा व ऊर्जा प्रदान करेगा संवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज का संगठन संवाद कार्यक्रम सिर्फ औपचारिकता भर कार्यक्रम नहीं है, बल्कि समाज के पंच संकल्पों का एक सामुहिक तंत्र है, जिसे धरातल पर उतारकर वैश्य समाज को संगठित किया जा रहा है। वे नाईवाली चौक के पास अग्रवाल वैश्य समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करत रहे थे। जिलास्तर पर आयोजित संगठन संवाद कार्यक्रम की श्रृंखला की शुरूआत हो गई है, जिसे प्रदेशभर के प्रत्येक जिले में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह



रेवाड़ी। अशोक बुवानीवाला का स्वागत करते वैश्य समाज के लोग। फोटो: हरिभूमि

कार्यक्रम संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। संगठन संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को संगठित करने के साथ-साथ मुख्य इकाई, महिला व युवा इकाइयों के बीच आपसी सामंजस के साथ संवाद को बढ़ाना, संगठनात्मक संरचना कर अपनी-अपनी टीमों को और मजबूत करना तथा आगामी पंचायत चुनावों के मद्देनजर समाज को एक मंच पर खड़ा करना है। समाज के कई क्षेत्रों में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन और चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि एक ऐसा मंच तैयार किया जाए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिलाध्यक्ष नवीन सिंघल, केसरी नंदन अग्रवाल, अनिल रस्तोगी, दीपिका , रेखा अग्रवाल, यशोदा बंसल, सपना कुमारी अग्रवाल, आशा मंगला व यशिका मित्तल सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

### महिलाएं नेतृत्व देने वाली शक्ति हैं

महिला प्रदेशाध्यक्ष सुशीला सर्राफ ने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज के वर्षों के संगठनात्मक अनुभवों ने स्पष्ट किया कि महिलाएं केवल समाज की भूमिका निभाने वाली नहीं, बल्कि नेतृत्व देने वाली शक्ति हैं। युवा इकाई के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि गर्ग उर्फ मोनू भाटा ने कहा कि संगठन संवाद कार्यक्रम में युवाओं को नेतृत्व देने की परंपरा पर विशेष जोर दिया गया है।



### चित्रकार राजोतिया गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी में कला गौरव अवार्ड से हुए सम्मानित

रेवाड़ी। सुरभि कला संस्थान, गुरू जंभेश्वर विश्वविद्यालय हिसार व संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में गुरू जंभेश्वर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें देश भर के करीब 300 वरिष्ठ व युवा चित्रकारों ने भाग लिया। कार्यशाला में गिनीज बुक अवॉर्डी आर्टिस्ट एस के राजोतिया को कला गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राजोतिया को कला के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्य और युवाओं को दिए जाने वाले बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए दिया गया। सुरभि आर्ट संस्था के प्रबंधक राजेश जांगरा व मुख्य अतिथि पदमश्री प्रोफेसर बिमन बी दास कोलकाता ने राजोतिया को कला गौरव अवार्ड प्रदान किया।

# दोहरीकरण कार्य के कारण रेलसेवाएं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे की ओर से बीकानेर मंडल के सुरतपुरा-सादुलपुर रेलखंड के चूरू-आसलू-दुधवाखारा स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे की रेलसेवाएं रद, आंशिक रद व मार्ग परविर्तित रहेगी। गाड़ी संख्या 54309 दिल्ली-हिसार रेलसेवा 21 जनवरी को दिल्ली से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया रेवाड़ी-भिवानी-हिसार होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा झाड़ली, चरखी दादरी, भिवानी व हांसी स्टेशनों पर ठहराव



करेगी। गाड़ी संख्या 54310 हिसार-दिल्ली रेलसेवा 21 जनवरी को हिसार से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया हिसार-भिवानी-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा हांसी, भिवानी, चरखी दादरी व झाडली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 19807 कोटा-सिरसा रेलसेवा 20 जनवरी को कोटा से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया लोहारू-रेवाड़ी-भिवानी-हिसार होकर संचालित होगी।

### ये रेलसेवाएं रहेंगी रद व आंशिक रद्द

गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर सवारी गाड़ी व गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी रेलसेवा 21 जनवरी को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54764 श्रीगंगानगर-सादुलपुर रेलसेवा 21 जनवरी को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करके सुरतपुरा तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा सुरतपुरा-सादुलपुर के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54763 सादुलपुर-श्रीगंगानगर रेलसेवा21 जनवरी को सादुलपुर के स्थान पर सुरतपुरा से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 54703 बठिण्डा-जयपुर रेलसेवा 21 जनवरी को बठिण्डा के स्थान पर सादुलपुर से प्रस्थान करेगी।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अपनी कला की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया स्थापना दिवस

रेवाड़ी। 15 दिसंबर शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। आज ही के दिन 1963 ईस्वी में केवल 20 विद्यालयों के साथ केंद्रीय विद्यालय संगठन की नींव रखीं गई थी, जोकि आज भारत सहित काठमांडू, तेहरान और मॉस्को में भी अपनी श्रेष्ठता का परचम लहराते हुए 1289 विद्यालयों के साथ केंद्रीय विद्यालय श्रृंखला के रूप में अग्रणी है। सोमवार को भारत के सभी केंद्रीय विद्यालयों के साथ-साथ कोनसीवास रोड स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रेवाड़ी में स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यातिथि प्राचार्य मंजू ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत-संगीत व नृत्य के साथ हर्ष और उत्साह प्रकट किया। साथ ही प्रोजेक्ट, मॉडल, चार्ट और अभिनय के माध्यम से लाइफ लाइन ऑफ दा केंद्रीय विद्यालय संगठन को प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने केवी विद्यालय रेवाड़ी के स्वर्णिम सफर और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और विद्यालय में पधारे भूतपूर्व छात्रों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने भारत की संपूर्ण 22 भाषाओं और सभी 29 प्रांतों की स्थानीय भाषा, वेशभूषा, व्यंजन एवं नृत्य-संगीत संस्कृति को प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

### आवारा कुत्तों के टीकाकरण व नसबंदी का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद की ओर से लंबे समय बाद आवारा कुत्तों के टीकाकरण व नसबंदी कार्य शुरू किया गया है। कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद सुशील कुमार ने बताया कि नगर परिषद की ओर से स्नेह एनीमल वेलफेयर ट्रस्ट के माध्यम से क्षेत्र में आवारा कुत्तों का टीकाकरण व नसबंदी का कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्य के लिए कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर-8572827322 व एजेंसी हेल्पलाइन नंबर-9680317487 पर संपर्क किया जा सकता है।

### रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सिंह ने संभाला कार्यभार




रेवाड़ी। राज्यपाल हरियाणा एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष के आदेशों की अनुपालना में बिजेंद्र सिंह सौरोत ने सोमवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी रेवाड़ी का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया है। वर्तमान में बिजेंद्र सिंह सौरोत जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के सचिव है। पदभार संभालने के साथ ही सचिव ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अभिषेक मीणा से मुलाकात की तथा कार्यालय की ओर सेचलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। डीसी अभिषेक मीणा ने सचिव को दिव्यांगजन एवं सामाजिक अंत्योदय के लिए आवश्यक कदम उठाने बारे दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही सचिव ने रेडक्रॉस के कर्मचारियों की बैठक भी ली। सचिव ने रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से चलाई जा रही गतिविधियों जैसे टीबी प्रोजेक्ट, टीआई प्रोजेक्ट, रक्तदान सेवाएं, नशा मुक्ति अभियान व प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण के बारे में चर्चा की। सचिव ने कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी समाज के सभी वर्गो खासकर दिव्यांगजन, बेसहारा बुजुर्गों के कल्याण कार्य करने में सदैव तत्पर रहेगा।

### समाधान शिविर में पहुंची 60 साल पुराने पेड़ को कटवाने की शिकायत

रेवाड़ी। सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में डीसी अभिषेक मीणा ने आमजन की शिकायतें सुनी। डीसी ने अधिकारियों को शिकायतों का तय समय में निपटान कराने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि आमजन को अपनी शिकायतों के निवारण के लिए समाधान शिविरों का लाभ उठाना चाहिए। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में गोठड़ा टप्पा डहीना में रास्ते पर अवैध निर्माण व गांव निखरी में जोहड़ पर अवैध कब्जे की शिकायत पर डीसी ने डीडीपीओ को जांच कर अवैध निर्माण हटवाने के निर्देश दिए। गांव निखरी में 60 साल से पुराने पेड़ कटवाएं जाने की शिकायत पर डीएफओ को शिकायत की जांच करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गांव जड़थल की बिजली बिल से संबंधित शिकायत पर डीएचबीवीएन के अधिकारियों को बिजली बिल की जांच करने के निर्देश दिए।

कार्रवाई | योजना नए साल के 16 जनवरी को हो जाएगी समाप्त, इसके बाद चलेगी पंचायत विभाग की जेसीबी मशीन

# पंचायती जमीनों पर निर्माण नियमित कराने को एक माह, इसके बाद विभाग खाली कराएगा जमीन

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

पंचायती जमीनों पर वर्ष 2004 या इससे पहले बनाए गए मकानों को रेगुलर कराने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से शुरू की योजना नए साल के 16 जनवरी को खत्म हो जाएगी। इस अवधि तक पंचायत विकास विभाग को निर्माण रेगुलर कराने के लिए आवेदन नहीं देने वाले लोगों के मकानों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। ऐसे आवेदनों को ग्राम सभा की बैठकों में पारित प्रस्ताव मिलने के बाद रेगुलर करने के लिए प्रदेश सरकार के पास भेजा जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोगों ने पंचायती जमीनों पर कब्जे किए हुए हैं। इनमें ऐसे लोगों की संख्या भी काफी अधिक है, जिन्होंने वर्ष 2004 से पहले मकान बनाए थे। पंचायती जमीनों को खाली कराने के लिए पंचायत विकास विभाग के पास बड़ी संख्या में शिकायतें आ रही थीं, जिनके 7 वीसीएल के केस विभिन्न अदालतों में विचाराधीन थे। प्रदेश सरकार ने इन लोगों को राहत देने के लिए इस साल 17 जनवरी को स्कीम शुरू की थी। इसके तहत विशेष उद्देश्य की जमीनों को छोड़कर अन्य जमीनों पर मार्च 2004 या उससे पहले निर्माण करने वाले लोगों को 500 वर्ग गज तक संबंधित जमीन कलेक्टर रेट से बेचने का निर्णय लिया गया था। योजना के तहत जमीन पर 25



रेवाड़ी। सोमवार को मांढैया कलां में पंचायती रास्ते से कब्जा हटवाती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

प्रतिशत तक निर्मित और शेष खुले एरिया वाली जमीन को कब्जा कर रहे लोगों के नाम कराना है। एक साल की अवधि 16 जनवरी 2026 को पूरी हो जाएगी। इसके बाद निर्माण नियमित नहीं होने की स्थिति में पंचायत विकास विभाग पंचायती जमीन को सख्ती से खाली कराएगा।

### अभी तक तीन केसों को स्वीकृति

पंचायत विकास विभाग को इस साल अभी तक 32 गांवों से 92 आवेदन मिल चुके हैं। ग्राम सभा की बैठकों में प्रस्ताव पास होने के बाद विभाग की ओर से प्रदेश सरकार को स्वीकृति के लिए 9 केस बनाकर भेजे थे। इनमें 6 केस खोल और 3 रेवाड़ी खंड से हैं। पंचायत विभाग के निदेशालय ने 3 केसों को स्वीकृति प्रदान कर दी है। शेष 6 केसों को मंजूरी मिलना अभी बाकी है। अब बचे हुए कब्जाधारी एक माह तक ही इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### इस तरह नियमित करवाएं निर्माण

इस योजना के तहत पंचायती या शामलात जमीन पर काबिज व्यक्ति को बीडीपीओ के माध्यम से पंचायत विकास विभाग को आवेदन करना होता है। इस आवेदन को विभाग संबंधित ग्राम पंचायत के पास भेजता है। अगर ग्राम सभा की बैठक में मकान रेगुलर करने का प्रस्ताव पास कर दिया जाता है, तो विभाग उस प्रस्ताव को निदेशालय के पास भेजता है। निदेशालय की स्वीकृति मिलने पर मकान की जमीन को कलेक्टर रेट पर पैसा वसूलते हुए संबंधित व्यक्ति के नाम कर दिया जाता है।

### वंचित लोग कर सकते हैं आवेदन



जिन लोगों ने पंचायत जमीनों पर वर्ष 2004 या इससे पहले पक्के मकान बना लिए थे, उन्हें जमीन का स्वामित्व हासिल करने के लिए जद आवेदन करना चाहिए। 16 जनवरी के बाद ऐसे आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। इसके बाद पंचायती जमीनों पर किए गए कब्जों को हर हाल में खाली कराया जाएगा। -एचपी बंसल, डीडीपीओ।

### तालाब, रास्ते व फिरनी शामिल नहीं

इस योजना के तहत गांवों में तालाब, आम रास्तों और फिरनियों से लेकर विशेष उद्देश्य से चकबंदी के समय छोड़ी गई पंचायती जमीन को शामिल नहीं किया गया है। जिन लोगों ने ऐसी जमीनों पर कब्जे किए हुए हैं, उनसे विभाग अब जमीन खाली कराने की प्रक्रिया को अंजाम दे रहा है। सोमवार को विभागी की टीम ने मांढैया कलां में पंचायती रास्ते पर किए गए कब्जे को पुलिस बल की मौजूदगी में हटवा दिया। विभाग के एसडीओ दीपक इस मौके पर मौजूद थे।